# शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, रामानुजगंज (छ0ग0)
# यूथ रेडक्रॉस सोसायटी
## <u>प्रतिवेदन</u>

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर व जिला चिकित्सालय बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में विश्व हेपेटाइटिस दिवस 28.07.2019 की पूर्व संध्या पर दिनांक 27.07.2019 दिन शनिवार को छात्र/छात्राओं के बीच जागरूकता लाने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विकासखण्ड कार्यक्रम अधिकारी नेत्र प्रकाश सोर ने हेपेटाइटिस बी. सी. व डी. पर विस्तृत जानकारी दी। व्यक्तिगत स्वच्छता, शुद्ध पेयजल का प्रयोग करके हम इससे बच सकते हैं। हेपेटाइटिस बी. के लक्षणों में बुखार, सरदर्द, पेट के दाहिने हिस्से में दर्द, त्वचा व आंख में पीलापन शामिल है। हेपेटाइटिस बी. सी. व डी. रक्त जनित होता है। जिसके प्रति सतर्कता ही उससे बचाव है।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाये जाने का उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस के लिए जागरूक करना है। लोगों में जागरूकता न होने के कारण लोग सही समय पर हेपेटाइटिस का टीका नही लगवाते हैं। जिसके कारण यह बीमारी बढ़ती जाती है। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. एन. के. देवांगन ने की। संगोष्ठी में रेड क्रॉस सोसायटी की संयोजक डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. एस. एन. साहू, प्रो. एन. के. सिंह व कुमारी तनुजा उपस्थित रहे।








## जानलेवा है हेपेटाइटिस, बचाव के लिए कॉलेज में सतर्कता की दी गई जानकारी



जिले के अस्पताल सहित अन्य संस्थानों में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर विविध आयोजन

## हेपेटाइटिस जानलेवा बीमारी, सतर्कता ही बाचाव



## विश्व हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन

जानलेवा है हेपेटाइटिस की बीमारी, बचाव के लिए सतर्कता है जरूरी




**फोटो – विश्व हेपेटाईटिस दिवस 27 जुलाई 2019**

# शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, रामानुजगंज (छ0ग0)
## यूथ रेडक्रॉस सोसायटी
## <u>प्रतिवेदन</u>

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर व जिला स्वास्थ्य समिति बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 08.08.2019 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर छात्र/छात्राओं को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रवि लिंकन बड़ा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का व डॉ. उमेश विश्वास उपस्थित रहे। डॉ. रवि लिंकन ने बताया कि कृमि संक्रमण से बचाव के लिए हर वर्ष फरवरी और अगस्त महीने में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों की दी जाती है। उन्होने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों में कुपोषण और खून की कमी होती है जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है। संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं होता। उन्होने बताया कि कृमि संक्रमण की रोकथाम आसान है। आस–पास सफाई रखें, जूते पहने, खुले में शौच न करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें, अपने हाथ साबुन से धोयें, विशेषकर खाने से पहले और शौच जाने के बाद, साफ पानी से फल व सब्जियां धोयें, हमेशा साफ पानी पियें और खाने को ढककर रखें तथा नाखून साफ व छोटे रखें। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन, डॉ. उमेश कुमार पाण्डेय, रेड क्रॉस सोसायटी की संयोजक डॉ. अर्चना गुप्ता उपस्थित रहे।







**फोटो – राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 8 अगस्त 2019**

# शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, रामानुजगंज (छ0ग0)
## यूथ रेडक्रॉस सोसायटी
## <u>प्रतिवेदन</u>

दिनांक 17.09.2019 दिन मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी तथा जिला चिकित्सालय बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श सह जागरूकता हेतु स्वास्थ्य टीम द्वारा कुपोषण, मलेरिया, टी.बी., डेंगु, कुष्ट, एड्स, डायरिया नियंत्रण विषय पर चर्चा–परिचर्चा कर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्राओं के रक्त नमूने भी लिये गये तथा छात्राओं में रक्ताल्पता पाए जाने पर उन्हे आयरन की गोलियां भी दी गई।

लगभग 600 छात्र/छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य टीम में डॉ. आर. के. सिंह चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय बलरामपुर, नेत्र प्रकाश सोर वि.ख. कार्यक्रम प्रबंधक, श्रीमती नेहा गुप्ता मलेरिया पर्यवेक्षक, श्री परमेश्वर सिंह पर्यवेक्षक, श्री जगदीश सिंह, श्री अजय सोनी लैब टैक्निशियन, श्रीमती सीता तिर्की परामर्शदाता, श्रीमती निधी सिंह ए.एन.एम. शामिल थे। इनके अतिरिक्त कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के प्राचार्य प्रो. एन. के. देवांगन, यूथ रेड क्रॉस सोसायटी की संयोजक डॉ. अर्चना गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश पटेल भी उपस्थित रहे।












**परामर्श सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**छात्र/छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण**

बलरामपुर (अंस)। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, रेड रिबन क्लब तथा जिला चिकित्सालय बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में विषेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्ष सह जागरूकता हेतु स्वास्थ्य टीम द्वारा कुपोषण, मलेरिया, टी.बी., डेंगु, कुष्ट, एड्स, डायरिया नियंत्रण विषय पर चर्चा-परिचर्चा कर विस्तृत जानकारी दी गई।

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विषेष चर्चा तम्बाकु नियंत्रण कार्यक्रम के अंतगर्त हृअपनी जींदगी को यूं ही खत्म न होने दें, तम्बाकु का सेवन बंद करेंहृ पर की गई। छात्र/छात्राओं को चिकित्सकीय सलाह देते हुए डॉ. आर. के. सिंह ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर के अंदर ही स्वस्थ्य मष्तिक का निवास होता है इसलिए हमें शारीरिक स्वच्छता पर विषेष ध्यान देना चाहिए। क्योंकि स्वच्छता निरोग रहने की पहली गारंटी है। इस अवसर पर छात्राओं के रक्त नमूने भी लिये गये तथा छात्राओं में रक्ताल्पता पाए जाने पर उन्हे आयरन की गोलियां दी गई। कार्यक्रम में 600 छात्र/छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य टीम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, वि.ख. कार्यक्रम प्रबंधक नेत्र प्रकाश सोर, मलेरिया पर्यवेक्षक श्रीमती नेहा गुप्ता, पर्यवेक्षक परमेश्वर सिंह, लैब टैक्निषियन जगदीश सिंह, अजय सोनी, परामर्षदाता श्रीमती सीता तिर्की, ए.एन.एम. श्रीमती निधी सिंह शामिल थे। इनके अतिरिक्त कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के प्राचार्य प्रो. एन. के. देवांगन, यूथ रेड क्रॉस सोसायटी की संयोजक डॉ. अर्चना गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रमेश पटेल भी उपस्थित रहे।

**फोटो – स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श सह जागरूकता शिविर 17 सितम्बर 2019**

# शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, रामानुजगंज (छ0ग0)
## यूथ रेडक्रॉस सोसायटी
## <u>प्रतिवेदन</u>

दिनांक 28 सितम्बर 2019 विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में यूथ रेडक्रॉस सोसायटी व जिला स्वास्थ्य समिति बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विश्व रेबीज दिवस रेबीज की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 28 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस फ्रांस के प्रसिद्ध रसायनज्ञ और सूक्ष्मजीव विज्ञानी लुई पाश्चर की पुण्य तिथि के अवसर पर 28 सितम्बर को मनाया जाता है, जिन्होने पहला रेबीज टीका विकसित किया था तथा रेबीज रोकथाम की नीव रखी। जिला सलाहकार श्री दिव्य किशोर गुप्त ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रेबीज एक विषाणु जनित रोग है। यह जानवरों से मनुष्यों में फैलता है। मनुष्य के शरीर में रेबीज का वायरस, रेबीज से पीड़ित जानवर के काटने, उससे होने वाले घाव और खरोंच एवं लार से प्रवेश करता है। कुत्ते के काटने के बाद रेबीज के लक्षण एक से तीन महीने में दिखाई देतें हैं। कार्यक्रम में विकास खण्ड कार्यक्रम अधिकारी नेत्र प्रकाश सोर, प्राचार्य श्री एन. के. देवांगन, रेडक्रॉस सोसायटी की संयोजक डॉ. अर्चना गुप्ता, कु. प्रियंका जायसवाल उपस्थित रहे।







**फोटो – विश्व रेबीज दिवस 28 सितम्बर 2019**

# शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, रामानुजगंज (छ0ग0)
# यूथ रेडक्रॉस सोसायटी
## <u>प्रतिवेदन</u>

29 सितम्बर 2019 विश्व हृदय दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी व जिला चिकित्सालय बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में चर्चा/परिचर्चा व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। “My Heart, Your Heart” का नारा लगाते हुए छात्र/छात्राओं ने लोगों के बीच जागरूकता रैली के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया। चर्चा/परिचर्चा में दिल से जुड़ी बीमारियों तथा उसे स्वस्थ्य रखने के संबंध में छात्र/छात्राओं को जानकारी दी गई। नेत्र प्रकाश सोर वि.ख. कार्यक्रम प्रबंधक ने चिकित्सकीय सलाह देते हुए बताया कि अव्यवस्थित जीवन शैली और असंतुलित खानपान के चलते दुनियां भर में हृदय रोग के पीड़ितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। तनाव, थकान, प्रदूषण आदि कई वजहों से रक्त का आदान–प्रदान करने वाले इस अति महत्वपूर्ण अंग को अपना काम करने में मुश्किल होती है। इसीलिए ‘विश्व हृदय दिवस’ लोगों में यह भावना जागृत करता है कि वे हृदय की बीमारियों के प्रति सचेत रहें। कार्यक्रम में प्राचार्य एन. के. देवांगन, रेडक्रॉस सोसायटी की संयोजक डॉ. अर्चना गुप्ता, श्री एन. के. सिंह, श्री रमेश पटेल, कु. तनुजा उपस्थित रहे।





















फोटो – विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता रैली 29 सितम्बर 2019